Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ रिश्वत लेते गिरफ्तार सहायक अभियंता के आवास की खानातलाशी में 43.38 लाख रुपये नकद एवं करीब 20 किलो चांदी की सिल्लियां बरामद।

जयपुर, दिनांक 15 सितम्बर, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा दिनांक 14.09.2026 को कार्रवाई करते हुए **गोविन्द प्रसाद हाल सहायक अभियंता, पंचायत समिति भुसावर, जिला भरतपुर** को **30,000/– रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था।

उक्त ट्रैप कार्रवाई के क्रम में आरोपी के रिहायशी मकान की नियमानुसार खानातलाशी **श्री ओमप्रकाश मीणा, उप महानिरीक्षक पुलिस**, एसीबी रेंज भरतपुर के सुपरविजन में **श्री अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**, एसीबी चौकी भरतपुर द्वारा ली गई।

खानातलाशी के दौरान आरोपी के रिहायशी मकान से **43,38,500/– रुपये (तैंतालीस लाख अड़तीस हजार पांच सौ रुपये)** नकद तथा करीब **20 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां** बरामद हुईं।

इसके अतिरिक्त, खानातलाशी के दौरान कस्बा **हिंडौन में स्थित दो दुकानों, मानसरोवर, जयपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड के एक मकान** तथा अन्य भू–संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज भी प्राप्त हुए हैं।

खानातलाशी में प्राप्त नकदी, चांदी एवं संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों के संबंध में स्रोत, स्वामित्व एवं आय के ज्ञात स्रोतों से संबंध की जांच की जा रही है। प्राप्त खानातलाशी रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम अनुसंधान एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।